दिनांकः 01.07.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि नए आपराधिक कानून, गुलामी की मानसिकता और गुलामी के प्रतीक चिन्हों वाले पुराने कानूनों को समाप्त कर नए भारत की स्थापना करेंगे। उन्होंने कहा कि नए कानूनों से न्याय की प्रक्रिया सुगम होगी और पीड़ितों को समयबद्ध न्याय मिल सकेगा। श्री शर्मा देश में तीन नये आपराधिक कानूनों के आज से लागू होने के मौके पर वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से आयोजित बैठक में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू सहित पुलिस के आला अधिकारी मौजूद रहे। विभिन्न जिलों के पुलिस अधिकारी भी इस कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े।

गौरतलब है कि नये कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 आज से लागू हो गये हैं। ये कानून 'तारीख–पे–तारीख' के चलन की समाप्ति सुनिश्चित करेंगे और देश में एक ऐसी न्यायिक प्रणाली स्थापित होगी, जिसके जरिए तीन वर्षों के भीतर न्याय मिल सकेगा। केन्द्र सरकार ने नये कानूनों को लेकर राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के साथ नियमित बैठकें की हैं। सभी राज्य नये कानूनों को लागू करने से संबंधित प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण और जागरूकता सृजन के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

000

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी – एनटीए ने नीट यू.जी. के लिए दोबारा हुई परीक्षा के बाद आज एक हजार 563 परीक्षार्थियों के संशोधित परिणाम घोषित कर दिए हैं। नए नतीजों के बाद एनटीए ने सभी परीक्षार्थियों की रैंक भी संशोधित की है। एनटीए ने एक विज्ञप्ति में कहा कि सभी परीक्षार्थियों के संशोधित स्कोर कार्ड वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इसमें कहा गया है कि पात्र एक हजार 563 परीक्षार्थियों में से 813 परीक्षार्थियों ने दोबारा परीक्षा दी। गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक हजार 563 परीक्षार्थियों की दोबारा परीक्षा लेने का निर्देश दिए जाने के बाद 23 जून को दोबारा परीक्षा आयोजित की गई थी। इन परीक्षार्थियों को मूल परीक्षा में अनुग्रह या प्रतिपूरक अंक दिए गए थे। इन्हें विकल्प दिया गया था कि वे या तो दोबारा परीक्षा में शामिल हों या अनुग्रह अंक के बिना अपने मूल अंकों को रखें।

000

राज्यपाल कलराज मिश्र के जन्म दिन पर आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें फोन पर बधाई और शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री ने श्री मिश्र के स्वस्थ और दीर्घायु होने की कामना करते हुए कहा कि देश की सभी संवैधानिक संस्थाओं में काम करते हुए उन्होंने शुचिता के साथ आदर्श जीवन मूल्यों को जिया है। उन्होंने राज्यपाल के सेवा भाव और राष्ट्र के प्रति समर्पण के साथ कार्य करने को अनुकरणीय बताया।श्री मिश्र को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी फोन पर बधाई दी और उनके दीर्घायु तथा स्वस्थ जीवन की कामना की।

000

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल आज जयपुर में नए आईटी पोर्टल "कार्य प्रबंधन प्रणाली" और राजस्थान जलजीवन मिशन डैशबोर्ड को लॉन्च करेंगे। इस पोर्टल से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ेगा। जलदाय सचिव डॉ समित शर्मा ने बताया कि कार्य प्रबंधन प्रणाली पोर्टल से जल प्रदाय योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति रिपोर्टिंग सहित अन्य आवश्यक पहलुओं का प्रबंधन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे जलप्रदाय योजना स्वीकृतियों का रिकॉर्ड ऑनलाइन रहेगा। वहीं जलजीवन मिशन राजस्थान डैशबोर्ड से जलजीवन मिशन योजनाओं से जुड़ी जानकारी आमजन देख सकेंगे।

000

प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के पशुपालकों को पशु चिकित्सा संबंधी समस्याओं से निजात दिलाने के लिए ”ए—हेल्प” योजना का शुभारम्भ आज जयपुर से किया जाएगा। योजना का उद्देश्य स्वास्थ्य और पशुधन उत्पादन के विस्तार के लिए मान्यता प्राप्त अभिकर्ता को स्थापित करना है। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने ए—हेल्प के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना से राज्य के ग्रामीण क्षेत्र की जीवन शैली में बदलाव आयेगा और पशुपालकों की सोच में भी परिवर्तन होगा। उन्होंने कहा कि पशुपालन को लेकर परम्परावादी सोच को बदलने की जरूरत है, ताकि वैज्ञानिक पद्धति का समावेश कर इसे उद्यमिता का रूप दिया जा सके। योजना के तहत पशु सखियों को 16 दिवसीय प्रशिक्षण देकर स्वास्थ्य और पशुधन उत्पादन के विस्तार के लिए मान्यता प्राप्त अभिकर्ता ए—हेल्प के रूप में स्थापित किया जायेगा।

000